प्रोजेक्ट ई-अधिगम और आईड्रीम एजुकेशन

चर्चा में क्यों?

वर्ष 2022 में, **हरियाणा सरकार द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग ने हरियाणा में 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के प्रत्येक सरकारी स्कूल के छात्र को सैमसंग टैबलेट देने वाले प्रोजेक्ट ई-अधिगम को लॉन्च किया गया है।**

- यह **उपचारात्मक और पूरक शिक्षण सहायता के लिये एक एकीकृत वैयक्तिकृत अनुकूली शिक्षण (PAL) समाधान** प्रदान करता है।

मुख्य बिंदु:

- **इन टैबलेटों पर वैयक्तिकृत अनुकूली शिक्षण मंच के लिये विभाग ने तीन PAL समाधान प्रदाताओं को कार्य सौंपा है।**
  - **iPrep PAL** को छात्रों के लिये **वन-स्टॉप, सर्व-समावेशी पूरक शिक्षण मंच** बनने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जिसमें **एनिमेटेड वीडियो पाठ,** दीक्षा (Digital Infrastructure for Knowledge Sharing- DIKSHA) **सामग्री, अभ्यास प्रश्न, डिजिटल किताबें और संदर्भ सामग्री,** सिमुलेशन के साथ व्यावहारिक तक अनुकूली तथा गतिशील पहुँच शामिल है।
- **ई-अधिगम (अनुकूली मॉड्यूल के साथ सरकार की उन्नत डिजिटल हरियाणा पहल)** देश में टैबलेट पर अपनी तरह की पहली नियोजित PAL परियोजना बन गई।
  - शिक्षक के मार्गदर्शन और निगरानी के तहत **सभी छात्रों को स्कूल में तथा घर पर सीखने के लिये पहले से स्थापित वैयक्तिकृत अनुकूली शिक्षण अनुप्रयोगों के साथ डिजिटल उपकरण प्रदान किये गए हैं।**
  - **शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत में प्रत्येक छात्र को** टैबलेट दिये जाते हैं, वे इसका उपयोग पूरे वर्ष कक्षाओं में सीखने और घर पर रिवीज़न के लिये करते हैं।
  - **शैक्षणिक वर्ष के अंत में,** टैबलेट को अगली कक्षा में वितरित करने से पहले **स्कूल में वापस कर दिया जाता है।**
- प्रत्येक **छात्र को टैबलेट का उपयोग करने और उससे सीखने के परिणामों के डेटा को केंद्रीय रिपोर्टिंग डैशबोर्ड के माध्यम से ट्रैक किया जाता है** तथा छात्र स्तर के उपयोग एवं सीखने के सुधारों के विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से निगरानी की जाती है।
- टैबलेट पर **PAL** सरकारी स्कूल के छात्रों को **व्यक्तिगत, आनंददायक और गैर-निर्णयात्मक सीखने के** माहौल में अपने पिछले वर्ष के सीखने के अंतराल को कवर करने तथा अपने ग्रेड-स्तरीय सीखने के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये सशक्त बनाने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है।

नोट:

- आईड्रीम एजुकेशन **सीखने और विकास तक सार्वभौमिक पहुँच को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से कार्य करता है। ये** समाधान **सीखने में बाधाओं को कम करने** और छात्रों को असीमित रूप से सीखने हेतु सशक्त बनाने के लिये डिज़ाइन किये गए हैं।
- इसे हासिल करने के लिये, यह स्मार्ट क्लासरूम, ICT लैब्स, टैबलेट, नोटबुक और मोबाइल डिवाइसेस के माध्यम से अपने डिजिटल कंटेंट तथा लर्निंग प्लेटफॉर्म को वितरित करने के लिये स्कूलों एवं छात्रों के साथ कार्य करने वाले **सिस्टम इंटीग्रेटर्स, सरकार, CSR, NGO व अन्य पारिस्थितिकी तंत्र** भागीदारों के साथ साझेदारी करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/project-e-adhigam-and-idream-education